# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 02.05.2025</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।</u>**

## <u>सुगम यातायात व्यवस्था हेतु संकटा देवी चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट का शुभारंभ</u>






आज दिनांक 02.05.2025 को जनपद खीरी के संकटा देवी चौराहे पर यातायात के सुगम संचालन हेतु ट्रैफिक सिग्नल लाइट का मा0 विधायक सदर महोदय, जिलाधिकारी महोदया खीरी, पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती इरा श्रीवास्तव द्वारा शुभारंभ किया गया! इस अवसर पर सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, सीओ ट्रैफिक शिवम कुमार, इओ नगर पालिका संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर हेमंत राय, प्रभारी यातायात योगेंद्र पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित रहे।शहर के संकटा देवी चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट के शुभारंभ से यातायात सुगम संचालन में सहयोग मिलेगा, साथ ही आम जनमानस यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक होगा व निर्बाध रूप से शहर की यातायात व्यवस्था संचालित होगी।

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन में स्थित कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया</u>**





आज दिनांक 02.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों एवं अभिलेखों अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# थाना पलिया पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक-01/02.05.2025 की रात्रि को थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 158/25 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिव कुमार गुप्ता व सुरेश कुमार मौर्य पुत्र रामौतार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/गैंगलीडर अनमोल गुप्ता अपने अन्य साथी सुरेश कुमार मौर्य के साथ मिलकर आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु मादक पदार्थों की तस्करी जैसे अपराध कारित कर अनुचित रुप से धन उपार्जन का अभ्यस्त अपराधी है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>**

1-अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिव कुमार गुप्ता नि0 मोहल्ला बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी
2-सुरेश कुमार मौर्य पुत्र रामौतार नि0 ग्राम छेदनीपुरवा थाना पलिया जनपद खीरी

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

**<u>अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिव कुमार गुप्ता नि0 मोहल्ला बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी</u>**

1-मु0अ0सं0 326/21 धारा 323/452/498ए/506 भादवि व ¾ डीपी एक्ट, थाना पलिया
2-मु0अ0सं0 371/24 धारा 155(2)/351(2)/352 बीएनएस, थाना पलिया
3-मु0अ0सं0 392/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, थाना पलिया
4-मु0अ0सं0 158/25 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट, थाना पलिया

**<u>सुरेश कुमार मौर्य पुत्र रामौतार नि0 ग्राम छेदनीपुरवा थाना पलिया जनपद खीरी</u>**

1-मु0अ0सं0 392/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, थाना पलिया
2- मु0अ0सं0 158/25 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट, थाना पलिया

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

1-उ0नि0 राजीव कुमार
2-उ0नि0 प्रेमनारायण सरोज
3-हे0का0 जयप्रकाश यादव
4-का0 पवन कुमार वर्मा
5-का0 परीक्षित सैनी
6-का0 अजीत यादव

# **थाना उचौलिया पुलिस द्वारा, हत्या के अभियोग में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को आलाकत्ल अवैध तमंचा व खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 02.05.2025 को थाना उचौलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 106/25 धारा 103(1)/190/191(2)/191(3)/352/351(3) बीएनएस में वांछित 02 नफर अभियुक्तों इन्तजार पुत्र शमीम व आशीष गुप्ता उर्फ शाका पुत्र रामकृष्ण गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1-इन्तजार पुत्र शमीम नि0 ग्राम बरनैया थाना उचौलिया जनपद खीरी
2-आशीष गुप्ता उर्फ शाका पुत्र रामकृष्ण गुप्ता नि0 ग्राम व थाना उचौलिया जनपद खीरी

**बरामदगी-**

आलाकत्ल 01 अदद अवैध तमंचा 315
01 अदद खोखा कारतूस

**आपराधिक इतिहास-**

**इन्तजार पुत्र शमीम नि0 ग्राम बरनैया थाना उचौलिया जनपद खीरी**

1-मु0अ0सं0 573/17 धारा 363/366 भादवि, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
2-मु0अ0सं0 79/25 धारा 15(2)/352/351(3) बीएनएस, थाना उचौलिया जनपद खीरी
3-मु0अ0सं0 106/25 धारा 103(1)/191/191(2)/191(3)/351(3)/352/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना उचौलिया जनपद खीरी

**आशीष गुप्ता उर्फ शाका पुत्र रामकृष्ण गुप्ता थाना उचौलिया जनपद खीरी**

1-मु0अ0सं0 463/21 धारा 279/337/338 भादवि, थाना पसगवां जनपद खीरी
2-मु0अ0सं0 335/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना पसगवां जनपद खीरी
3-मु0अ0सं0 391/22 धारा 379/411 भादवि, थाना पसगवां जनपद खीरी
4-मु0अ0सं0 451/22 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट
5-मु0अ0सं0 86/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना उचौलिया जनपद खीरी
6-मु0अ0सं0 240/25 धारा 131/352/351(3) बीएनएस, थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर
7- मु0अ0सं0 106/25 धारा 103(1)/191/191(2)/191(3)/351(3)/352/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना उचौलिया जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-प्र0नि0 थाना उचौलिया, मनीष कुमार सिंह
2-उ0नि0 महेश द्विवेदी
3-हे0का0 अब्दुल रशीद खान
4-हे0का0 विनोद कुमार
5-हे0का0 विवेक कुमार
6-म0का0 तनु

## थाना पढुआ पुलिस द्वारा, 02 अवैध चाकू बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पढुआ पुलिस द्वारा अभियुक्त मुकेश उर्फ मैनेजर पुत्र रत्तीराम नि0 ग्राम रमुआपुर थाना पढुआ जनपद खीरी व मंजेकर पुत्र मंगल नि0 ग्राम जुलाहन पुरवा थाना पढुआ जनपद खीरी को 02 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 205/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही

1. थाना संपूर्णानगर पुलिस द्वारा, अ0सं0 213 धारा 323/325/504/506 भादवि से संबंधित वारंटी बादशाह पुत्र रविन्द्र प्रसाद निवासी गिरधरपुर कालौनी थाना संपर्णानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

2. थाना खीरी पुलिस द्वारा, अ०सं० 3094/15 धारा 3/5/8 गोवध अधि० व 11 पशु क्रूरता अधि० से संबंधित वारंटी हसनैन पुत्र जलील निवासी मो० कबेला थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

3. थाना सिंगाही पुलिस द्वारा, मु0सं0 566/19, अ0सं0 08/18 धारा 60(2) आबकारी अधि0 व 272 भादवि में वारंटी अभियुक्त परागी पुत्र मंगरे नि0 ग्राम इच्छानगर थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 15 लीटर अवैध शराब बरामद कर 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **15 लीटर** अवैध कच्ची शराब व 01 अदद शराब भट्टी बरामद कर **02 नफर** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **02 अभियोग** पंजीकृत किया गया।